>

Title: Need to appoint lady Doctors in Ambulance services in Uttarakhand.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान उत्तराखंड में चल रही एम्बुलेंस वैन 108 सेवाओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस सेवा के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु अस्पताल पहुंचाया जाता है। लेकिन वहां सड़कें टूटी हुई हैं और महिलाएं जो एम्बुलेंस में जाती हैं, उनका प्रसव एम्बुलेंस के अंदर ही हो जाता है। जिससे बड़ी भीषण स्थिति पैदा हो जाती है। मुख्य मंत्री कहते हैं कि 2160 महिलाओं ने इसके अंदर बालकों को जन्म दिया है।

इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि प्रथम वहां अस्पताल होने चाहिए और दूसरे वहां महिला डाक्टरों की तैनाती होनी चाहिए। ताकि कम से कम हमारी जो आने वाली पीढ़ी है, वह सुरक्षित रहे। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि कृपया राज्य की 108 आयुष सेवाओं में महिलाओं की सहज देखभाल के लिए महिला डाक्टरों की तैनाती के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को निर्देश दिये जाएं। ~~∀Ã‰xÂªÃ‰Â´Ã‰Ã‰n*~~